**Class - 6**
**Hindi**
Note for PA - 2

व्याकरण

* विलोम शब्द लिखो :-

1) अतिवृष्टि= अनावृष्टि
2) अनुराग= विराग
3) अंदर= बाहर
4) अर्थ= अनर्थ
5) कोमल= कठिन
6) अनुकूल= प्रतिकूल
7) समर्पण= ग्रहण
8)आशा= निराशा
9) अच्छा= बुरा
10) उपस्थित= अनुपस्थित
11) इच्छा= अनिच्छा
12) आलसी= परिश्रमी
13) आदान= प्रदान
14) उदय=अस्त
15) स्वर्ग= नरक
16) गुण=अवगुण
17) असली= नकली
18) ग्रहण= त्याग
19) प्राचीन= नवीन
20) स्वाधीन= पराधीन
21) मीठा= कड़वा
22) सजीव= निर्जीव
23) उदार= अनुदार
24) जागरण= निद्रा
25) सत्य= असत्य
26) उत्तर= दक्षिण
27) देव= दानव
28) फूल= कांटा
29) विरोध= समर्थन
30) काला= सफेद

व्याकरण.....संधि

-:संधि:-

* संधि विच्छेद करो : -

पुस्तक + आलय = पुस्तकालय
विद्या + अर्थी = विद्यार्थी
रवि + इंद्र = रविन्द्र
गिरी +ईश = गिरीश
मुनि + ईश =मुनीश
मुनि +इंद्र = मुनींद्र
भानु + उदय = भानूदय
वधू + ऊर्जा = वधूर्जा
विधु + उदय = विधूदय
भू + उर्जित = भुर्जित।
नर + इंद्र + नरेंद्र
सुर + इन्द्र = सुरेन्द्र
ज्ञान + उपदेश = ज्ञानोपदेश
भारत + इंदु = भारतेन्दु
देव + ऋषि = देवर्षि
सर्व + ईक्षण = सर्वेक्षण
मत+एकता = मतैकता
एक +एक =एकैक
धन + एषणा = धनैषणा
सदा + एव = सदैव
महा + ओज = महौज

Chapter Name : - लंका में हनुमान

(**) अति लघु प्रश्न के उत्तर दीजिए : -

1 ) हनुमान को सीता कहां मिली ?

= हनुमान को सीता अशोक वाटिका में मिली।

2 ) हनुमान ने सीता को क्या-क्या दिया ?

= हनुमान ने सीता को राम की अंगूठी दी तथा उनका संदेश दिया ।

3 ) हनुमान से लड़ते हुए कौन मारा गया ?

= हनुमान से लड़ते हुए रावण का पुत्र अक्षय कुमार मारा गया।

4 ) वानर सेना के सामने क्या चुनौती थी ?

= वानर सेना के सामने सागर को पार करने की चुनौती थी।

5 ) विभीषण ने रावण को हनुमान को मारने से क्यों रोका ?

= विभीषण ने रावण को हनुमान को मारने से इसलिए रोका क्योंकि नीति के अनुसार दूत का वध अनुचित है।

Chapter - 1

वन के मार्ग में

(**) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

नगर से बाहर निकलकर दो पग चलने के बाद सीता की क्या दशा हुई?

उत्तर-
नगर से बाहर निकलकर दो पग अर्थात थोड़ी दूर चलने के बाद सीता जी के माथे पर पसीने की बूंदें झलकने लगीं। उनके कोमल ओठ सूख गए। वे शीघ्र ही थक गईं।

प्रश्न 2.
'अब और कितनी दूर चलना है, पर्नकुटी कहाँ बनाइएगा'-किसने, किससे पूछा और क्यों ?

उत्तर-
'अब और कितना दूर चलना है, पर्नकुटी कहाँ बनाइएगा' ये शब्द सीता जी ने श्रीराम से पूछे क्योंकि वे बहुत अधिक थक गई थीं।

प्रश्न 3.

राम ने थकी हुई सीता की क्या सहायता की?

उत्तर-
राम ने जब देखा कि सीता थक चुकी हैं, तो वह देर तक बैठकर पैरों से काँटे निकालने का अभिनय करते रहे, जिससे सीता को कुछ देर आराम करने का मौका मिल जाए और उनकी थकान कम हो जाए।

प्रश्न 4.
दोनों सवैयों के प्रसंगों में अंतर स्पष्ट करो।

उत्तर-
पहले सवैये में वन जाते समय सीता जी की व्याकुलता एवं थकान का वर्णन है। वे अपने गंतव्य के बारे में जानना चाहती हैं। पत्नी सीता की ऐसी बेहाल अवस्था देखकर रामचंद्र जी भी दुखी हो जाते हैं। जब सीता नगर से बाहर कदम रखती हैं तो कुछ दूर जाने के बाद काफ़ी थक जाती हैं। उन्हें पसीना आने लगता है और होंठ सूखने लगते हैं। वे व्याकुलता से श्रीराम से पूछती हैं कि अभी और कितना चलना है तथा पर्णकुटी कहाँ बनाना है? इस तरह सीता जी की व्याकुलता को देखकर श्रीराम की आँखों में आँसू आ जाते हैं। दूसरे सवैये में श्रीराम और सीता की दशा का मार्मिक चित्रण है। इस प्रसंग में श्रीराम व सीता जी के प्रेम को दर्शाते हुए कहा गया है कि कैसे श्रीराम सीता के थक जाने पर अपने पैरों के काँटे निकालते हैं और सीता जी श्रीराम का अपने प्रति प्रेम देखकर पुलकित हो जाती हैं।

प्रश्न 5.
पाठ के आधार पर वन के मार्ग का वर्णन अपने शब्दों में करो।

उत्तर-
वन का मार्ग अत्यंत कठिन था। यह मार्ग काँटों से भरा था। उस पर बहुत सँभलकर चलना पड़ रहा था। रहने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं था। रास्ते में खाने की वस्तुएँ नहीं थीं। पानी मिलना भी कठिन था। चारों तरफ सुनसान तथा असुरक्षा का वातावरण था।

(**) अति लघु प्रश्न के उत्तर लिखो :-

प्रश्न 1.
प्रथम सवैया में कवि ने राम-सीता के किस प्रसंग का वर्णन किया है?

उत्तर-
प्रथम सवैया में कवि ने श्रीराम व सीता के अयोध्या से निकलकर वन गमन का वर्णन किया है।

प्रश्न 2.
राम और सीता कहाँ जाने के लिए निकले थे?

उत्तर-
राम और सीता वन जाने के लिए निकले थे।

प्रश्न 3.
वन गमन के समय सीता ने राम से क्या पूछा?

उत्तर-
वन गमन के समय सीता जी ने राम जी से पूछा कि कितना और चलना है? और पर्णकुटी कहाँ बनाइएगा?

प्रश्न 4.
पर्नकुटी किस चीज़ से बनती है?

उत्तर-
पर्नकुटी पत्तों से बनती है।

प्रश्न 5.
राम ने रुककर क्या किया?

उत्तर-
राम ने रुककर थोड़ा विश्राम किया और पैरों में चुभे काँटों को देर तक निकालते रहे।

## Chapter - 2

### सांस सांस में बांस

(**) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : -

प्रश्न 1.
बाँस को बूढ़ा कब कहा जा सकता है? युवा बाँस में कौन सी विशेषता होती है जो बूढ़े बाँस में नहीं पाई जाती?

उत्तर-
तीन साल और उससे अधिक उम्र वाले बाँस को बूढ़ा कहा जात है। बूढ़े बाँस सख्त होते हैं और टूट भी जाते हैं। युवा बाँस मुलायम होते हैं। उसे सामान बनाने के लिए किसी भी तरह मोड़ा जा सकता है।

प्रश्न 2.
बाँस से बनाई जाने वाली चीजों में सबसे आश्चर्यजनक चीज़ तुम्हें कौन सी लगी और क्यों?

उत्तर-
बाँस से बनाई जाने वाली चीजों में सबसे आश्चर्यजनक मुझे जो चीज़ लगी है वह है मछली पकड़ने वाला जाल 'जकाई' इसकी बुनावट बहुत कठिन है, लेकिन इससे मछलियाँ जिस तरह फँसाई जाती हैं, वह भी बहुत आश्चर्यजनक है।

प्रश्न 3.
बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में कब आरंभ हुई होगी?

उत्तर-
बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में तब आरंभ हुई होगी, जब से इंसान ने हाथ से कलात्मक चीजें बनानी आरंभ की और जब मानव घूम-घूम कर भोजन एकत्र किया करता था। भोजन के लिए उसे एक डलियानुमा वस्तु की जरूरत पड़ी होगी। तभी उसने बाँस की बुनाई से डलिया बनाई होगी। बाद में वह कलात्मक वस्तुएँ बनाने लगा होगा।

प्रश्न 4.
बाँस के विभिन्न उपयोगों से संबंधित जानकारी देश के किस भू-भाग के संदर्भ में दी गई है? एटलस में देखो।

उत्तर-
बाँस भारत के कई भागों में बहुतायत में होता है। मुख्यतः उत्तर-पूर्वी सात राज्यों में। ये राज्य हैं- अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा। इन राज्यों का पता छात्र स्वयं एटलस में कर सकते हैं।

(**) अति लघु प्रश्न के उत्तर दीजिए : -

(क) भारत में बाँस किस प्रांत में अधिक पाया जाता है?
(i) नागालैंड
(ii) असम
(iii) मणिपुर व त्रिपुरा
(iv) उपर्युक्त सभी

(ख) बाँस इकट्ठा करने का मौसम कौन-सा है?
(i) जनवरी से मार्च
(ii) जुलाई से अक्टूबर
(iii) नवंबर एवं दिसंबर
(iv) अप्रैल से जून

(ग) बूढ़ा बाँस कैसा होता है?
(i) नरम
(ii) कमजोर
(iii) सख्त
(iv) लचीला

(घ) चंगकीचंगलनबा थे?
(i) वैज्ञानिक
(ii) लेखक
(iii) जादूगर
(iv) कारीगर

(ङ) 'साँस-साँस में बाँस' पाठ में किस राज्य की बात की जा रही है?
(i) मणिपुर
(ii) त्रिपुरा
(iii) असम
(iv) नागालैंड

उत्तर

(क) (iv)
(ख) (ii)
(ग) (iii)
(घ) (iii)
(ङ) (iv)